नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

हिंदी विश्वविद्यालय के विद्यार्थी चीन में प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल
आशिष पोयाम, प्रियंका विश्वकर्मा का हुआ चयन

वर्धा, 10 जुलाई 2017: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में चीनी भाषा में अध्ययनरत दो विद्यार्थी आशिष शालिकराव पोयाम एवं सुश्री प्रियंका विश्वकर्मा का चयन चीन में प्रशिक्षण के लिए किया गया है। वे एक महीने की चीनी भाषा प्रशिक्षण कार्यशाला में षाङहाई समर स्कूल 2017 में भाग लेंगे। यह प्रशिक्षण 3 जुलाई से 28 जुलाई तक चलेगा। उन्हें यह आमंत्रण अप्रैल महीने में

शंघाई अंतरराष्ट्रीय अध्ययन विश्वविद्यालय की ओर से मिला था। इस कार्यक्रम में विश्व के विभिन्न देशों के लगभग 70 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं जिसमें पाकिस्तान, रुस, हॉलैंड, जापान, थाईलैंड, पोलैंड, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान एवं अफ्रीका के विद्यार्थी शामिल हैं। भाषा प्रशिक्षण के अंतर्गत इस कार्यक्रम में थाईची बॉक्सिंग, चीनी लिपि लेखन प्रशिक्षण, वार्तालाप अभ्यास, पेपर कटिंग, कैलीग्राफी प्रशिक्षण के साथ-साथ चीनी कंपनी एवं विभिन्न इतिहास प्रसिद्ध जगह में भ्रमण शामिल भी है।